हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

14 दीपावली से पहले लोगों ने ज्वेलरी, गिफ्ट की जमकर खरीदारी की



15 चिह्नित स्थानों पर तैनात रहेगी दमकल गाड़ी



## 288 पहुंचा एक्यूआई, दमघोंटू पटाखों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दीपावली पर्व पर पटाखों का इस्तेमाल बेतहाशा होने की आशंका के चलते पर्यावरण पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं। दीपावली की पूर्व संध्या पर बहादुरगढ़ में एक्यूआई 288 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रिकॉर्ड हुआ। दीपावली के दिन इसमें गुणात्मक बढ़ोतरी हो सकती है। बाजार में रंग-बिरंगी व डिजाइनदार मोमबत्तियां आ जाने के कारण वातावरण ज्यादा प्रदूषित हो जाता है, जो एक दिन में हजार गाड़ियों से निकले प्रदूषण के बराबर होता है। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रशासन ने तय किया है कि दीपावली पर केवल ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल करें। पटाखे बजाने के लिए तीन घंटे समय तय किया है।

### दमा होने का खतरा

पर्यावरणविद् एसके बनर्जी कहते हैं कि इन दिनों कार्बन डाई आक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड व आक्साइड आफ नाइट्रोजन और सल्फर निकलते हैं, जो फेफड़ों में जाने से ऑक्सीजन लेने की क्षमता को घटाते हैं। इससे दमा होने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं कार्बन मोनोआक्साइड की अधिकता शरीर में हीमोग्लोबीन से क्रिया करके कार्बाक्सी हीमोगलोबीन बनाता है, जो खून की ऑक्सीजन लेने की क्षमता को घटाता है। वातावरण को सामान्य होने में 15 दिन का समय लग सकता है। डॉ. बीएन मिश्रा ने बताया कि ध्वनि का मानक 80 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए, जो इन दिनों 100-120 डेसिबल के करीब पहुंच जाता है। यह सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कान के पर्दे फटने का खतरा भी बढ़ जाता है।

## लापता बालक का शव तालाब में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सांखोल से लापता 9 वर्षीय मासूम बच्चे का शव गांव के ही तालाब से बरामद हुआ। पांव फिसलने से डूबने की आशंका जताई जा रही है। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

मृतक की पहचान करीब 9 वर्षीय आनंद के रूप में हुई है। दरअसल, झांसी मूल का उधम सिंह यहां सांखोल में परिवार सहित रहता है। इसके दो बेटे आनंद व नवल हैं। गत 17 अक्टूबर की शाम को दोनों घर के बाहर खेल रहे थे। इसके बाद आनंद लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन नहीं मिला। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने भी तलाश शुरू की। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि बच्चा तालाब की तरफ गया था। इसके बाद तालाब में सर्च अभियान चलाया तो बच्चे का शव बरामद हुआ। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अहरी-छप्पार मार्ग पर हुई दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की



पहचान छापार गांव के करीब 25 वर्षीय अभिषेक पुत्र कृष्ण के तौर पर हुई है। यह हादसा उस दौरान हुआ जब अभिषेक अपने भाई यश के साथ बाइक पर सवार होकर खेतों में काम करने जा रहा था। उसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से अभिषेक, उसका भाई यश व दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद गंभीर हालत में राहगीरों द्वारा घायलों को अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। यश को हल्की चोट आई जबकि दूसरे बाइक सवार को गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।




















## दीपोत्सव : बाजारों में रही खूब रौनक, गिफ्ट के रूप में ड्राई फ्रूट्स बने पहली पसंद

# दीपावली से पहले लोगों ने की ज्वेलरी, गिफ्ट, सजावटी सामान व बर्तनों की जमकर खरीदारी

लक्ष्मी, गणेश की चांदी से बनी मूर्तियों के अलावा सोने-चांदी के सिक्के, नोट और चांदी के बर्तनों की खरीद में ग्राहकों ने खास रुचि दिखाई





बहादुरगढ़। दीपावली से एक दिन पूर्व बाजार में खरीदारी करते लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दीपावली की पूर्व संध्या पर रविवार को शहर के बाजारों में खरीददारी करने वाले लोगों की काफी भीड़ दिनभर नजर आई। घर की साज सज्जा से लेकर पूजन सामग्री समेत अन्य सामान की खरीदारी में ग्राहकों ने अच्छी रुचि दिखाई और खूब खरीदारी की।

महंगाई का असर होने के बावजूद लोगों ने त्योहार के मौके पर परंपरानुसार मिठाइयों, गिफ्ट आइटम्स, इलेक्ट्रॉनिक सामान के अलावा सजावट के सामान की खरीदारी दिल से की। बाजार में मिठाइयों, गिफ्ट आइटम्स की भरमार है, लेकिन लोग इस बार मिठाइयों से कहीं ज्यादा खरीदारी ड्राई फ्रूट, कुकीज पैकेट, नमकीन पैकेट आदि की करते दिखे। इस बार सोने व चांदी के आभूषण काफी महंगे हैं, लेकिन इसके बावजूद लोगों ने खरीदारी की। स्वर्णकारों ने बताया कि दीपावली पर धन की देवी लक्ष्मी, गणेश की सोने-चांदी से बनी मूर्तियों के अलावा सोना-चांदी के सिक्के, नोट व चांदी के बर्तन खरीद में खास रुचि ग्राहक दिखाई। डिस्काउंट व गिफ्ट का प्रलोभन बाजार में हर बड़े आईटम की खरीद पर दुकानदारों द्वारा दिया जा रहा है। इस पर्व पर सगे संबंधियों व मित्रों से रिश्ते मजबूत बनाने को तोहफे भेंट किए जाने का जो सिलसिला दीपावली की पूर्व संध्या तक निरंतर जारी रहा। लोग एक दूसरे को दीपावली के तोहफे के साथ प्रकाश पर्व की बधाई भी देते दिखे। यह परंपरा साल-दर-साल बढ़ रही है, जिसके चलते बाजार में मिठाईयों, ड्राई फ्रूट व अन्य गिफ्ट आईटम्स की बिक्री कई गुणा बढ़ गई है।



झज्जर। बाजार में सजी मिठाई की स्टॉल।

### दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में रही भीड़

झज्जर। दीपोत्सव के चलते छोटी दीपावली पर भी बाजार में ग्राहकों भी खासी भीड़ रही। शहरी लोगों के मुकाबले आस-पास के गांवों से आए लोगों ने जमकर खरीददारी की। दीवाली की तैयारियों के चलते जहां सुबह से मिठाई विक्रेताओं, परचून विक्रेताओं व ड्राई फूरट व डिब्बा बंद मिठाइयां बेचने वालो की दुकानों पर भीड़ लगनी शुरू हो गई वहीं मिट्टी के दीये, श्रीलक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, मोमबत्ती, लाईट व सजावटी सामान बेचने वाले लोगों की स्टॉलों से ग्राहकों ने खूब सामान खरीदा। सुबह-सवेरे ही मिष्ठान भंडार संचालकों ने अपनी दुकानों के बाहर टैंट लगाकार मिठाइयां सजाना शुरू कर दिया। दीपावाली पर बाजार दुल्हन की तरह सजा दिखाई दिया। इनके अलावा गर्म कपड़ों व जूते-चप्पल बेचने वाले दुकानदार भी दुकान के बाहर सेल लगाकर ग्राहकों को लुभाते नजर आए। खरीददारी का यह क्रम दिनभर चलता रहा। वहीं दीपावली पर्व के चलते के लिए दमकल विभाग अलर्ट पर है। विभाग द्वारा कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी पूरी व्यवस्था की गई है। वहीं पुलिस द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। दिनभर पुलिस के जवान पैदल बाजार में गश्त करते रहे।

# सात दिवसीय योग शिविर का समापन



झज्जर। योग शिविर के समापन पर हवन में उपस्थित मुख्यातिथि एवं योगपीठ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- प्रसाद गिरी योगपीठ द्वारा शहर के टाउन पार्क में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रसाद गिरी योगपीठ द्वारा शहर के टाउन पार्क में चल रहा सात दिवसीय योग शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर के समापन पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षद टेकचंद गुर्जर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि यज्ञ ब्रह्मा के रूप में विजय आर्य तथा यज्ञमान की भूमिका में धर्मवीर व राजवंती उपस्थित रहे। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित इस शिविर के दौरान रामनिवास योगार्थी व इंद्रजीत आर्य द्वारा योग साधकों को योगाभ्यास कराया गया। इसके अलावा शिविर में आने वाले लोगों को बीमारियों से बचने के लिए विभिन्न योग व प्राणायमों की जानकारी भी दी गई। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के संरक्षक पंकज शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर केवल वार्ड में नहीं बल्कि शहरों व गांवों में भी लगाए जाएंगे ताकि लोग जागरूक हो सकें। जिला सह संयोजक कृष्णदत्त जांगड़ा ने बताया कि योग शिक्षक सुरजीत द्वारा निरतंर टाउन पार्क में योग कक्षा का संचालन किया जाएगा।

# प्रवासी श्रमिकों को किया नशे के खिलाफ जागरूक



झज्जर। कार्यक्रम में प्रवासी श्रमिकों व बच्चों के साथ संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया एवं इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा गुढ़ा गांव स्थित ईंट भट्ठे पर नशामुक्ति एवं कैंसर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था सदस्य पिंकी रानी ने बीड़ी, गुटखा, तंबाकू, शराब तथा अन्य नशे के पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की लत से कैंसर, ह्रदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां, मानसिक तनाव एवं सामाजिक असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस दौरान संस्था सदस्यों द्वारा प्रवासी श्रमिकों में वस्त्र भी वितरित किए। उन्होंने लोगों से अपील की कि बच्चों की पुरानी स्कूल ड्रेस संस्था को दान करें। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की प्रतिनिधि पूनम देशवाल ने प्रवासी मजदूरों को नशा मुक्त रहने संबंधी शपथ भी दिलाई।

# सुरेंद्र हुडिया ने संभाला जिला श्रम एवं निर्माण प्रसंध के चेयरमैन का कार्यभार

नवनियुक्त चेयरमैन सुरेंद्र हुडिया का किया गया जोरदार स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लिमिटेड के नवनियुक्त चेयरमैन सुरेंद्र हुडिया ने चेयरमैन का कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते समय उन्होंने कहा कि वे संगठन के प्रत्येक सदस्य के सहयोग से संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पारदर्शिता, श्रमिक हितों की रक्षा और विकासोन्मुख योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर उनके कार्यभार ग्रहण समारोह में वाइस चेयरमैन सुनील दत्त, निदेशक अशोक कुमार, राजेंद्र जून, बाला देवी, कॉ-ऑपरेटिव बैंक के वाइस चेयरमैन राजबीर देशवाल, मार्केटिंग सोसायटी चेयरमैन आजाद सिंह, मैनेजर सुधीर बड़क सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। नवनियुक्त चेयरमैन सुरेंद्र हुडिया का स्वागत करते हुए पदाधिकारी।

# मिठाई बांटकर मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दीपावली के चलते पुलिस जवानों ने राहगीरों व जरुरतमंद लोगों में मिठाई वितरित करते हुए उनके साथ त्यौहार की खुशियां सांझा की। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई इस पहल से जनता और पुलिस के बीच सौहार्द और विश्वास का वातावरण देखने को मिला। सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की झुग्गी-बस्तियों में पहुंचकर प्रवासी श्रमिकों व जरुरतमंद लोगों को दीपावली की सौगात दी। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा कि सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ समाज सेवा भी पुलिस की एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। यातायात प्रभारी विजेंद्र कुमार ने बताया कि त्यौहारों के मौके पर जरूरतमंदों के साथ खुशी सांझा करके उन्हें सुकून भी मिला है। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।



झज्जर। जरूरतमंद लोगों में मिठाई बांटते हुए पुलिसकर्मी।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

### क्विज प्रतियोगिता में करेज हाउस ने पाया पहला स्थान

झज्जर। एलए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा बारहवीं आर्ट के विद्यार्थियों ने रामायण के सभी सातों खंडो के बारे में बताया। लतिका ने राम स्तुति, जिया ने भगवान राम जन्म स्तुति कि सुंदर प्रस्तुति की मिडिल विंग के बच्चों ने रामायण विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित कि गई। क्विज प्रतियोगिता के विजेता करेज हाउस, पीस हाउस व कर्टसी हाउस ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राइमरी विंग स्टॉफ ने एचओडी सपना अहलावत व पुष्पा यादव के नेतृत्व में अध्यापकों के लिए खान-पान के स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया।

# संस्कारम विश्वविद्यालय में दीपोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर में इस बार दीपावली के महापर्व को मन को प्रकाशित करो, ह्रदय को हर्षित करो थीम पर आयोजित किया गया। यह उत्सव केवल दीपों का नहीं, बल्कि विचारों, ज्ञान और संस्कारों के उजास का पर्व बन गया, जहां परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रत्येक विभाग ने विषयवस्तु पर आधारित सजावट प्रस्तुत की। प्रौद्योगिकी संकाय ने नवाचार से आलोकित भविष्य विषय पर एलईडी और यांत्रिक मॉडल तैयार कर तकनीकी चेतना की झिलमिलाहट बिखेरी। चांसलर डॉक्टर महिपाल ने दीपावली पर शुभ संदेश दिया।



झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर में आधुनिक मॉडल के साथ स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# सार्थक सेवा समिति ने मनाया दिवाली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सार्थक परिवार ने सेक्टर-9ए के कम्युनिटी सेंटर में स्थित सार्थक पब्लिक लाइब्रेरी में दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने स्वरचित कविताओं के माध्यम से सभी को शुभकामनाएं दीं।

सचिव वजीर सिंह दहिया सहित कई वक्ताओं ने दीपावली का महत्व समझाते हुए जीवन को सार्थक बनाने को प्रेरित किया। एनएस कपूर ने वरिष्ठ नागरिकों से सकारात्मक सोच के माध्यम से परिवार, समाज व देश के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी और सुदेश संदूजा ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से सार्थकता का संदेश दिया। महा सिंह सैनी को 85वें जन्मदिन की बधाई दी।



बहादुरगढ़। समारोह में एकत्र सार्थक सेवा समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### नारंग संगीत अकादमी ने 5वीं वर्षगांठ पर बांटे 51 तुलसी के पौधे

बहादुरगढ़। शहर के गांधी चौक स्थित नारंग संगीत अकादमी ने अपने 5वें स्थापना दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 51 तुलसी के पौधे वितरित किए। संचालक कुश नारंग ने सभी शिष्यों व सहयोगियों को तुलसी का पौधा भेंट कर संगीत परिवार में हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। नारंग ने कहा कि कार्तिक मास में तुलसी दान महादान माना गया है। यह कई औषधीय गुणों से भरपूर है।

## पर्यावरण की समझ रखने वाले मिट्टी की मूर्तियों को ही प्राथमिकता दे रहे

# लोगों को भा रही मिट्टी की मूर्तियां, चाइनीज से ज्यादा रही मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**दिवाली पर मिट्टी की मूर्ति की पूजा करें**

बेशक प्लास्टिक व चाइनीज सामान ने बाजार को अपने कब्जे में ले रखा है। लेकिन सनातन संस्कृति व पर्यावरण की समझ रखने वाले लोग मिट्टी से बनी मूर्तियों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। सस्ती और रंगबिरंगी भगवान की मूर्तियां भी खूब बिकी। बता दें कि भारतीय सभ्यता-संस्कृति के मुताबिक दीपावली में गणेश-लक्ष्मी पूजन की विशेष मान्यता है। मिट्टी, पीओपी के साथ-साथ चाइनीज मूर्तियों की भी भरमार है। हर साल इस सीजन में भरपूर खरीदारी होने के मद्देनजर शिल्पकार मूर्तियां बनाकर बाजार में उतार देते हैं। हालांकि शिल्पकारों ने इस बार छोटी मूर्तियां बनाने पर अधिक जोर दिया। चीन निर्मित गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां 100 से लेकर 3500 की रेंज में उपलब्ध हैं। पीओपी (प्लास्टर आफ पेरिस) से तैयार होने वाली मध्यम स्तर की मूर्ति पिछले वर्ष के मुकाबिल 40 से 50 रुपये अधिक महंगी हैं। पर्यावरणविद् राकेश शर्मा के अनुसार मिट्टी की ही मूर्ति ही पूजा में उपयोग की जाए और चाइनीज व पीओपी से बनी मूर्ति लेने से बचा जाए। शायद ऐसी अपील का असर है कि बाजार में लोगों ने मिट्टी की मूर्तियां भी खूब खरीदी।



बहादुरगढ़। बाजार में मिट्टी की मूर्तियां पसंद करतीं महिलाएं।









# दीपावली अलर्ट : चिह्नित स्थानों पर तैनात रहेगी दमकल गाड़ी

**दीपावली को देखते हुए दमकल कर्मियों की छुट्टियां रद्द, अलर्ट के तहत एक गाड़ी लाइनपार थाने के निकट खड़ी**

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। सिटी थाने के बाहर तैनात दमकल कर्मी।

दीपावली पर सुरक्षा के मद्देनजर न केवल पुलिस मुस्तैद है, बल्कि फायर ब्रिगेड ने भी मोर्चा संभाल रखा है। एहतियात के तौर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर फायर ब्रिगेड की तैनात की गई है। दरअसल, दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान आग लगने की आशंका रहती है। बहादुरगढ़ में कई बार दीपावली पर छोटी व बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन हरकत में है। किसी भी तरह की आशंका देखते हुए प्रशासन की ओर से तमाम थाना क्षेत्र में क्रेन, एंबुलेंस व दमकल गाड़ी की व्यवस्था कराई गई है। शहर के बाजारों में पुलिस की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ दमकल विभाग भी हरकत में है। रेलवे स्टेशन दमकल केंद्र से एक गाड़ी लाइनपार थाने के निकट खड़ी करनी सुनिश्चित हुई है। एमआईई स्टेशन की गाड़ी डॉ. भीमराव अंबेडकर परिसर के निकट मौजूद है। जबकि एचएसआईआईडीसी की एक दमकल गाड़ी को सिटी थाने के निकट तैनात किया गया है ताकि किसी भी परिस्थिति में सूचना मिलते ही मदद तुरंत की जा सके। दीपावली को देखते हुए दमकल कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द हैं। शिफ्टों में कर्मचारी ड्यूटी दे रहे हैं। दमकल अधिकारी रवींद्र सैनी ने कहा कि फायर ब्रिगेड अलर्ट है। हम यही कामना करते हैं कि त्योहार शांतिपूर्ण मनें।


बहादुरगढ़। दहकोरा में आयोजित यज्ञ में आहुति डालते ग्रामीण।

## दहकोरा में हुआ वैदिक यज्ञ

**बहादुरगढ़।** गांव दहकोरा स्थित शिव मंदिर में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में गांव के वरिष्ठ नागरिक 94 वर्षीय कैप्टन मंगलीराम ने यजमान के रूप में शिरकत की। शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट दहकोरा के प्रधान विजय सिंह व पूर्व सरपंच कैप्टन आजाद सिंह ने कैप्टन मंगलीराम का शाल व फूलमालाओं से सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सोनू रूहिल, बलवान सिंह, मंदिर पुजारी बाबा और आदित्य रूहिल को भी मंदिर सेवा व उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यज्ञ का संचालन पुरोहित आर्य रमेश चंद्र द्वारा किया गया, जिन्होंने पंच महायज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को आर्य पथ पर चलने और सद्भाव के साथ दीपावली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

## गाड़ी और बाइक की टक्कर में पति-पत्नी व बेटी घायल, लापरवाह चालक पर केस

**नारनौल।** बेलेनो गाड़ी ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी व बेटी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कनीना के गांव भालखी निवासी प्रमोद कुमार बीते शनिवार शाम अपनी पत्नी प्रिया व बेटी पायल के साथ बाइक पर सवार होकर नारनौल से घर का सामान लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। इस दौरान मित्रपुरा मोड़ पर जब वे रोड क्रास कर रहे थे, तो एक बेलेनो गाड़ी चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण तीनों बाइक से दूर जा गिरे। टक्कर की वजह से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने प्राइवेट गाड़ी को रुकवाकर उनको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। हादसे में बाइक को भी काफी नुकसान हुआ है। वहीं सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।












# खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ उपस्थित मुख्यातिथि जेपी कादियान।

- 200 मीटर दौड़ में हिमांशु ने पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

माय भारत केंद्र द्वारा मातनहेल ब्लॉक में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरूआत बतौर मुख्यातिथि जेपी कादियान ने कराई। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता परिणामों में लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में बिरोहड़ गांव की टीम ने प्रथम स्थान तथा कालियावास की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में निकिता प्रथम, प्रतिभा द्वितीय व दिव्या तृतीय रही। कुश्ती वर्ग में नेहा को पहला, सोनिका को दूसरा व सुजाता को तीसरा स्थान मिला। लड़कों के वॉलीबॉल मैच में इंद्रप्रस्थ स्कूल, रुढियावास ने प्रथम तथा सासरोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में हिमांशु पहले, अजय दूसरे व इंद्रजीत तीसरे स्थान पर रहा। कुश्ती में अमरीश ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय व राम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर कोच नवीन, सतीश पहलवान, जयप्रकाश जाखड़, विजयपाल गहलोत तथा मनदीप धनखड़ ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# दीवाली मनाएं व पर्यावरण भी बचाएं : एसडीएम

- त्योहार पर पटाखों की धूम शुरू



एसडीएम नसीब कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दीपावली के त्योहार पर पटाखों की धूम अभी से शुरू हो गई है। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने पर इस बार दिवाली मनाने के साथ ही पर्यावरण को भी बचाने का आह्वान किया। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) नसीब कुमार का कहना है कि त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। दीपावली पर दीप जलाना चाहिए ताकि अंधेरे का नाश हो और ज्ञान का प्रकाश हो। छोटे-बड़े पटाखे या आतिशबाजी की बजाय हर घर में रोशनी करें ताकि भ्रष्टाचार का अंधेरा समाप्त हो सके। पटाखों को लेकर हर कोई जानता है कि उनकी आवाज और धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, फिर भी पटाखों की बिक्री हर साल ही बढ़ रही है। इसके साथ ही ध्वनि और वायु प्रदूषण भी तेजी से दिवाली के दिन बढ़ता है।

## ऑक्सीजन को खत्म करते हैं पटाखे : खत्री

सहायक पुलिस आयुक्त प्रदीप खत्री ने कहा कि दीपावली से पूर्व पटाखों की आवाज और धुआं कई दिनों तक देखने को मिलता है। करीब 50 पौधों की ऑक्सीजन एक पटाखे के प्रदूषण से खत्म हो जाती है। पटाखों से निकलने वाली सल्फर डाइऑक्साइड व नाइट्रोजन ऑक्साइड के कण पर्यावरण व स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाती हैं। ऐसे में सिर्फ अपनी क्षणिक खुशी के लिए अपने आस-पास के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ सही नहीं है, इससे बचना चाहिए।



# पुलिस ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दिवाली, बांटीं मिठाइयां



बहादुरगढ़। परिवार को मिठाई भेंट करते प्रभारी राजेंद्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दीपों के पावन पर्व दीपावली के उपलक्ष्य में बहादुरगढ़ पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए आमजन के साथ मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। छोटी दिवाली पर पुलिस कर्मियों ने शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर जरूरतमंद लोगों को मिठाइयां वितरित की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सेक्टर 16, 17 चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने टीम सहित चौकी एरिया में मौजूद झुग्गियों में रहने वाले परिवारों को मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और मानवीय संवेदनाओं का पर्व है। इस दिन अगर हम समाज के उन वर्गों के साथ खुशियां बांटें जो साधनहीन हैं, तो त्योहार का असली उद्देश्य पूरा होता है। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बच्चों के साथ समय बिताया, उन्हें सुरक्षा से जुड़े सुझाव भी दिए और सभी से अपील की कि त्योहार को खुशीपूर्वक मनाएं व पर्यावरण की रक्षा करें।

## पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**झज्जर।** दीपावली पर्व को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त करने के निर्देश दिए गए है। असामाजिक तत्वों पर पकड़ने के लिए बाजारों व मंदिरों में सादा कपड़ों में अतिरिक्त महिला व पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि झज्जर व बहादुरगढ़ के मुख्य बाजारों व भीडभाड़ वाले स्थानों पर सभी राईडर व पीसीआर टीम निरंतर गश्त करते हुए अपराधी तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के खुफिया विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश देते हुए छोटी-बड़ी सूचनाएं एकत्र करने को कहा गया है ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



झज्जर। सुरक्षा के मद्देनजर वाहन की जांच करते हुए पुलिसकर्मी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आए चाचा-भतीजा, एक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव मुंडाखेड़ा में बस स्टैंड के पास हादसा हो गया। यहां बाइक सवार चाचा-भतीजे ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे में भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मुंडाखेड़ा के निवासी पवन कुमार का कहना है कि चचेरे भाई शिवकुमार का करीब 15 वर्षीय बेटा हर्ष सुबह बाइक पर सवार होकर गांव की ओर जा रहा था। बाइक को हर्ष का चाचा पारस चला रहा था। जब गांव मुंडाखेड़ा के स्टैंड के पास पहुंचे तो अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में हर्ष को गंभीर चोट आई। हम उसे एसजीटी अस्पताल ले गए। जहां ईलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। इसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। हर्ष इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।









हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

## नियमों को ताक पर रख बिक रहे पटाखे

सांपला। दीपावली पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के आदेशों के बाद प्रशासन द्वारा भी पटाखे बेचने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं, सांपला में प्रशासनिक नियम व आदेशों को धत्ता बताते हुए भरे बाजार में भी पटाखों की खुली बिक्री हो रही है। ये सब पुलिस प्रशासन के सामने बिक रहे हैं। वहीं इस पर भी बड़ा सवाल यह है कि अनुमति ग्रीन पटाखे बेचने की है और इनकी आड़ में बेचने दूसरे पटाखे जा रहे हैं। जबकि प्रशासन द्वारा इसे लेकर कई नियम लागू किए गए हैं। बीते दिनों तक पटाखों पर जहां पूर्ण रूप से ही रोक लगाई गई थी, वहीं अब न्यायालय द्वारा ग्रीन पटाखों को लेकर छूट दे दिए जाने के बाद प्रशासन ने भी इन्हें बेचने के लिए खुले स्थान निर्धारित कर दिए।




# दिवाली पर तीन घंटे ही फोड़ सकेंगे सिर्फ ग्रीन पटाखे

## उपायुक्त ने जारी किए आदेश, सुबह 6 से 7 और शाम 8 से 10 बजे तक पटाखों का समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

- पटाखों के विषय में आदेशों की उल्लंघना पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने आदेश जारी करते हुए जिले में ग्रीन पटाखों के अतिरिक्त पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश के अनुसार केवल ग्रीन पटाखे ही निर्धारित समयावधि में चलाए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन सुबह छह बजे से सात बजे तक और सायं आठ बजे से रात दस बजे तक निर्धारित किया गया है।

### छापेमारी के दिए निर्देश

जिलाधीश ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बहादुरगढ़ को वायु गुणवत्ता की नियमित निगरानी करने और रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस विभाग, एसडीएम, बीडीपीओ, एसीपी, नगरपालिकाओं एवं अग्निशमन अधिकारियों को आदेशों का सख्ती से पालन कराने और उल्लंघन पर छापेमारी करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता 2023, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम 2008 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी


स्वप्निल रविंद्र पाटिल, जिलाधीश




## सरेआम बिकी करोड़ों रुपये की आतिशबाजी

- प्रमुख रूप से देशी अनार व फुलझड़ी की बिक्री हुई ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



सोमवार को दीपावली है। व्यापारियों का अनुमान है कि इस बार दीपावली पर बारूद का कारोबार तीन करोड़ से अधिक होगा। रविवार को बाजारों में सरेआम पटाखों की बिक्री हुई दशहरे के बाद से ही लुकछिप कर बाजारों में आतिशबाजी की बिक्री हो रही थी। शहर के तमाम बाजारों में दुकानदार हजारों रुपये का बारूद बेच रहे थे। शहर में यह कारोबार पूरी तौर से गोपनीय ढंग से किया जा रहा था, लेकिन बीते तीन दिनों से यह व्यवसाय सार्वजनिक रूप से चल रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपये के पटाखे बेचे गए। एक दुकानदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्रमुख रूप से देशी अनार व फुलझड़ी की बिक्री ज्यादा हुई है। इस बार फैक्ट्री मेड आइटम महंगे होने के बावजूद बिक्री अधिक हुई है। प्रतिबंध के कारण देशी बारूद भी अत्यधिक महंगा हो गया है, लेकिन फिर भी करोड़ों रुपये के पटाखों की बिक्री होने का अनुमान है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आतिशबाजी के प्रति लोगों के जागरूक करने के बावजूद यह बारूदी व्यवसाय धड़ल्ले से हुआ।







## बाजारों में भीड़ के चलते पुलिस अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

दीपावली पर्व पर बाजारों में भीड़ के चलते पुलिस भी अलर्ट हो गई है। शहर के सभी प्रमुख बाजारों में सादी वर्दी में जवानों की ड्यूटियां लगा दी गई है। साथ ही दुकानदारों और जनता से भी सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। क्योंकि भीड़भाड़ के दौरान दुकानों से सामान चोरी, जेब तराशी और ठगी की घटनाएं होती हैं। इसको लेकर पुलिस एहतियात बरत रही है। शहर में गश्त करने वाली पुलिस की पीसीआर टीमों की भी मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। बाजारों में जो जवान सादी वर्दी में तैनात किए गए हैं, उनको बाकायदा नजर रखने के लिए एरिया दिया गया है। वे दुकानदारों से भी लगातार संपर्क में हैं। बता दें कि त्योहारों के सीजन में चोरी, जेबतराशी और ठगी करने वालों का गिरोह सक्रिय हो जाता है। ऐसे में पुलिस ने इस पर गंभीरता बरतनी शुरू कर दी है।

## विश्वकर्मा पूजन समारोह 22 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

हर वर्ष की भांति इस बार भी बहादुरगढ़ ऑटो मोबाइल एसोसिएशन की ओर से विश्वकर्मा पूजन समारोह व भंडारे का आयोजन 22 अक्टूबर को किया जाएगा। नई ऑटो मार्केट में होने वाले इस दसवें समारोह की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी की उपस्थिति में यह आयोजन होगा और इसमें विधायक राजेश जून बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सुबह दस बजे हवन होगा और इसके बाद भंडारा शुरू होगा।

## प्रेम विवाह के दुष्परिणामों के प्रति करेंगे जागरूक



मंडी अटेली। हनुमान मंदिर में बैठक करते सर्व जातीय मंच के पदाधिकारी।

मंडी अटेली। सर्व जातीय मंच के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को अटेली के हनुमान मंदिर में सामाजिक बुराइयों को लेकर हुई। इसमें मंच के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव व मंच द्वारा गठन के बाद किए गए कार्यों की समीक्षा कर उनके बारे में बताया गया। बैठक में अटेली के थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। मंच के पदाधिकारियों में मास्टर धर्मेंद्र, रिटायर्ड प्राचार्य डा. सत्यवीर यादव, रामसिंह मास्टर, समाजसेवी तेजप्रकाश चंदपुरा, भूपेंद्र नंबरदार, हरिसिंह, सांवलाराम, अभय सिंह तुर्कियावास, अशोक कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंच अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाने तथा गांवों में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मंच ने पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि एक ही गांव तथा एक ही गोत्र में विवाह करने से सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है। इसके अलावा नवयुवक प्रेम-विवाह भाग कर रहे हैं जो बाद में टूटते हैं। इसलिए नौजवानों को भाग कर प्रेम विवाह करने के दुष्परिणामों के बारे में अवगत करा कर जागरूक करना होगा।









# दीपावली पर बाजार हुए गुलजार व्यापारियों के चेहरे भी खिले

## आज दोपहर 3:44 बजे से अमावस्या शुरू, कल शाम 5:54 बजे तक रहेगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दीपावली की पूर्व संध्या पर रविवार को रोहतक शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। पूरा दिन खरीदारी करने वालों की भीड़ से बाजार गुलजार रहे। मॉडल टाउन, रेलवे रोड, किला रोड, डी-पार्क, सेक्टर-1 में लोगों की भारी आवाजाही के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। त्योहारों के इस सीजन में धनतेरस के बाद छोटी दीपावली पर भी बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। ज्वैलरी, कपड़ा, रेडीमेड, स्वीट्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों के चेहरों पर मुस्कान झलक रही थी। एक ज्वैलर ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। रेडीमेड बाजार और मिठाई दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सांझ होते-होते बाजारों की रोशनी और लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

### छोटूराम चौक से डी-पार्क तक लगा जाम

त्योहार की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए। छोटूराम चौक और आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की गई, लेकिन दोपहर बाद जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस लाइन और सिविल रोड से आने-जाने वाले वाहनों को डायवर्ट किया गया। चार पहिया वाहनों को बाजार क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई, जिससे पैदल खरीदारों को थोड़ी राहत मिली।

### ज्वेलरी शोरूम पर ग्राहकों की भीड़

रोहतक के प्रमुख बाजारों सिविल रोड, रेलवे और मॉडल टाउन में इलेक्ट्रॉनिक्स व ज्वैलरी के शोरूम पर खरीददारी का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, मोबाइल और सोने-चांदी के गहनों की बिक्री जोरों पर रही। एक इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी ने बताया कि ग्राहकों की भीड़ इतनी रही कि स्टॉक खत्म होने की स्थिति बन गई। इस बार लोग खासतौर पर सोलर लाइट और डेकोरेटिव आइटम्स की खरीददारी कर रहे हैं।

### पटाखों के गोदामों और स्टालों पर भी भीड़

त्योहार की तैयारी के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में पटाखों की बिक्री भी जोरों पर रही।

### शुभ मुहूर्त

पंडित संदीप झा के अनुसार इस वर्ष कार्तिक अमावस्या 20 अक्टूबर (सोमवार) को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से आरंभ हो रही है, जबकि 21 अक्टूबर (मंगलवार) को शाम 5 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि माता लक्ष्मी अमावस्या की रात्रि में प्रदोष काल और निषीथ काल में भ्रमण करती हैं, इसलिए लक्ष्मी पूजा इन्हीं कालों में करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

# अभय चौटाला मेरे राजनीतिक गुरु : मंजीत कन्हेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते इंडियन नेशनल लोकदल के युवा प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली।

इंडियन नेशनल लोकदल के युवा प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है और इनेलो पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला 36 बिरादरी के लोकप्रिय नेता है और उनके राजनीतिक गुरू भी है। यह बात उन्होंने मैना पर्यटक केन्द्र में आयोजित दीपावली महोत्सव समारोह में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। साथ ही उन्होंने दीपावली, भैयादुज व गौवर्धन की भी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी और त्यौहारों को प्रेम भाईचारे की भावना के साथ मनाने की भी अपील की।

### इनेलो: गरीबों की आवाज

इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि इनेलो पार्टी ताऊ देवीलाल व चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की विचाराधार पर आगे बढ़ रही है और हमेशा ही गरीब मजदूर व कमेरे वर्ग की आवाज बनी है। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा व कांग्रेस घबरा गई है। प्रदेश में विपक्ष की सही मायने में भूमिका इनेलो पार्टी ही निभा रही है और सड़क से लेकर विधानसभा तक लोगों की आवाज उठा रही है।

# दीपावली पर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी

- डॉग स्क्वाड और बम डिफ्यूज टीम ने की जांच

**रोहतक।** दीपावली पर्व को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इसी क्रम में डॉग स्क्वाड टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बम डिफ्यूज टीम ने भी स्टेशन के हर हिस्से में जाकर गहन जांच की, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या सामग्री को रोका जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान जोगिंदर सिंह एसआई, कप्तान ईएसआई, सतीश एएसआई और आरपीएफ के सुरजीत सिंह मौके पर मौजूद रहे। पूरी टीम का नेतृत्व डॉग स्क्वाड इंचार्ज सुरजीत सिंह ने किया। टीम ने प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, रिजर्वेशन ऑफिस, पार्सल घर, ट्रैक के किनारे और स्टेशन के बाहरी परिसर तक गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। डॉग स्क्वाड के प्रशिक्षित कुत्तों ने हर बैग और संदिग्ध जगह की सूंघकर जांच की। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली जैसे त्योहारों पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ जाती है, जिसके चलते सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ या प्रतिबंधित सामान स्टेशन परिसर में न पहुंच सके।







# बाल संस्कार एवं दीपावली उत्सव का आयोजन

## मुख्य अतिथि रहे पीजीआईएमएस के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सुरेश सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीजीआईएमएस के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सुरेश सिंघल को स्मृति चिन्ह देते माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।।

माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के नए भवन में बाल संस्कार एवं दीपावली उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीजीआईएमएस के सीनियर प्रोफेसर एवं डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सुरेश सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के छात्रों ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. केदारनाथ गर्ग ने की। उन्होंने दीपक व मोमबत्ती जलाकर दीपावली उत्सव की शुरुआत की और पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु पटाखे न चलाने का संदेश दिया।

### बाल संस्कार का महत्व समझाया

विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जैन साधु अरुण मुनि के शिष्य अतिमुक्त मुनि महाराज ने बच्चों को कथा के माध्यम से "बाल संस्कार" का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि माता-पिता और गुरु का सम्मान करना ही सच्चा संस्कार है और यही बच्चों का वास्तविक दीपावली पर्व है। मंच संचालन संस्था के संयोजक पवन गोयल ने किया, जबकि ट्रस्ट के सचिव अजेश गुप्ता ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 20 वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है।




# एमटीएफसी संस्था में दीपावली पर सोलर सिस्टम व दो नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश जैन, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल व श्याम नाथ शर्मा

दीपावली के पावन अवसर पर स्थानीय कन्हेली रोड स्थित एमटीएफसी संस्था द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश जैन रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व महापौर मनमोहन गोयल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम नाथ शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य मीनाक्षी ढ़ल ने संभाला। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अतिथियों का तिलक व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों ने दीपावली पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान राजेश जैन द्वारा एमटीएफसी संस्था में स्थापित सोलर सिस्टम का उद्घाटन किया गया। साथ ही, उन्होंने नेहरू कॉलोनी और शीतल नगर में दो नए निःशुल्क स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स का शुभारंभ किया, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### दीपावली का संदेश-खुशियां बांटने का पर्व

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनमोहन गोयल ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि एकता, पर्यावरण और प्रेम का प्रतीक पर्व है। हमें मिलजुलकर प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनानी चाहिए। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कहा, त्योहारों का असली आनंद तभी है जब हमारी वजह से किसी जरूरतमंद के जीवन में खुशियां आएं।

### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

इस अवसर पर गणपत शर्मा, नरेश जैन, प्रेम चंद बंसल, राम दया बंसल, कृष्णा ढ़ल, पुष्कल तायल, वंदना तायल, अमित नागपाल, सुंदर जेटली, सुशील प्रजापति, अनूप बंसल, श्याम लाल कौशल, प्रवीन फौगाट, पंकज गर्ग, सुभाष गुप्ता, गुलशन, राज कुमार, पवन गहलोत सहित संस्था के सदस्य एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।













# संकट मोचन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री की कृपा से कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि रविवार 19 अक्टूबर को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास से मना। पवन पुत्र हनुमान जी को आकर्षित लाइट व फूलों से सजाया गया था। प्रात 9:00 बजे मुख्य अतिथि गुरुग्राम से भाजपा वरिष्ठ नेता अरविन्द कोहली ने भक्तिभाव और श्रद्धापूर्वक ध्वजारोहण किया। उन्होंने हनुमान जी का पूजन किया। तत्पश्चात कीर्तन और गुरुमां साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन हुए। इस अवसर पर हनुमान जी 31 किलो का लड्डू और हनुमान जी का प्रिय 56 प्रकार के मिष्ठान आहार का भोग लगाया गया जिसमें इमरती, चुरमा, गाजर का हलवा, मोतीचूर व गुड के लड्डू, आनार, पेठा आदि थे। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।एडवोकेट पी.एन. कथूरिया ने मुख्य अतिथियों को हनुमान जी की प्रतिमा और स्मृति चिह्न भेंट किया। भक्तों ने झंडे को सलामी दी और हनुमान जी का गुणगान किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित हुआ।



### वर्ष में दो बार आता हनुमान महोत्सव : साध्वी

परमश्रद्धेया साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि हनुमान महोत्सव वर्ष में दो बार मनाया जाता है प्रथम हनुमान जन्मोत्सव चैत्र की पूर्णिमा को मनाई जाती है यह दिन हनुमान जी के बोध दिवस के रूप में भी मनाया जाता है इसलिए इसे अध्यात्मिक जगत के साथ जोड़ा गया है। दूसरा दीपावली से पूर्व जिसे कार्तिक चौदस का नाम देते हैं। इस दिन हनुमान जी ने पृथ्वी पर मानव रूप धारण किया था। इस रूप में हनुमान जी ने मानव कल्याणार्थ कार्य किए। उन्होंने धर्म की रक्षा कर मानव मूल्यों को नई दिशा दी थी। इसे विजय अभिनंदन के तौर पर मनाया जाता है क्योंकि हनुमान जी ने भगवान श्रीराम को रावण पर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।







# पुलिस अधीक्षक ने झुग्गियों में फैलाया शिक्षा का प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ दीपावली उत्सव : श्रीहरि आश्रम में जाकर बच्चों को भेंट की शिक्षा किट



दीपावली पर्व पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने रविवार को श्रीहरि आश्रम परिसर में स्थित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ खुशियां बांटी और उनके जीवन में एक नई रोशनी लाने का प्रयास किया। दीपावली के उल्लास भरे माहौल में एसपी पूजा वशिष्ठ ने इन बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को चॉकलेट देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। यह मुलाकात केवल औपचारिकता नहीं थी, बल्कि उन्होंने पूरी तसल्ली और स्नेह के साथ बच्चों से बातचीत की तथा उनके सपनों व दैनिक जीवन के बारे में जाना।उन्होंने बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें शिक्षा किट भी वितरित की। इन किट में पढ़ाई-लिखाई से संबंधित आवश्यक सामग्री शामिल थी, जिससे बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया जा सके।




## आर्य स्कूल में लगाया दीपावली मेला, एसडीएम ने दी शुभकामनाएं



**महम।** दीपावली मेले में एसडीएम मुकुंद तंवर का स्वागत करते आर्य स्कूल मदीना के प्रिंसिपल अशोक दांगी, डायरेक्टर लक्ष्य दांगी व छात्राएं।

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में दीपावली मेला आयोजित किया गया। इस मेले में एसडीएम मुकुंद तंवर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। जबकि बीईओ सरिता खनगवाल, अंतर राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, पेज होट के मैनेजर आर्यन मलिक, सामाजिक कार्यकर्ता संदीप जाखड, योगेश, इंद्रजीत व ग्लोबल मोटर्स के प्रबंधक सतपाल नरवाल बतौर ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। एसडीएम मुकुंद तंवर ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को परिश्रम के करने और बुराइयों से बचने के लिए प्रेरित किया। हरियाणवी अदाकारा सोनिका सिंह ने विद्यालय के बच्चों के साथ नृत्य करके सभी की धड़कनों को तेज कर दिया। बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हुई कलाकृतियों को मेले में दिखाया।







## ब्रिलिएंट स्कूल में रामायण चौपाई आयोजित



महेंद्रगढ़। गांव धनौंदा स्थित ब्रिलिएंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीवाली उत्सव के उपलक्ष्य में रामायण चौपाई गायन, दिया सजाओ, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट, ड्राइंग-पेंटिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। चौपाई गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रामायण की विभिन्न चौपाइयों का सस्वर अर्थ सहित गायन करके समां बांध दिया। चौपाई गायन प्रतियोगिता में यशवंत ने प्रथम, दिव्या और केशव ने द्वितीय तथा अदिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन कक्षा सातवीं की छात्राओं गूंजन और निशिका ने किया। दीया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन कक्षावार किया गया। कक्षा छठी की अक्षिता व आठवीं की छात्रा हर्षिता संयुक्त रूप से रही। ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम ग्रुप में चित्रा प्रथम, अवनी द्वितीय तथा मयंक व अंश तृतीय स्थान पर रहे। दूसरे ग्रुप में श्रुति और यशवंत प्रथम, दिव्या और मानवी द्वितीय तथा रिहान और सौम्या तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, अंशिका द्वितीय तथा तनु और बानी तीसरे स्थान पर रहीं। रंगोली में 12वीं विज्ञान संकाय और सातवीं की छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर आशुतोष शास्त्री, प्रहलाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, मुकेश यादव, रेनू यादव, नरेंद्र कौशिक, मंजीत, प्रवीण, सतीश कुमार, शन्नो तंवर, शीतल, पूजा, निशा, स्मृति सहित स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।








## दीपावली पर घी के दीपक के साथ एक पेड़ अवश्य लगाएं : डॉ. पवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राव मूलचंद ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन खटोटी खुर्द में धनतेरस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत की। इसमें मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला उत्तर शिक्षा अधिकारी डॉक्टर पूर्ण प्रभा मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के चेयरमैन मनोज कुमार ने की। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण के कार्यक्रम की शुरुआत की गई।ः इस अवसर पर शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाएं। अधिक पेड़ लगेंगे, अधिक वर्षा होगी, जल का स्तर ऊंचा होगा, शुद्ध हवा मिलेगी और शुद्ध वातावरण मिलेगा। जिससे आने वाले पीढ़ी को यह पता लगेगा कि यह हमारे पूर्वजों ने एक पेड़ लगाया था, आज वह पेड़ एक विशाल रूप से छाया दे रहा है। वहीं डॉक्टर पूर्ण प्रभा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपने जन्म दिवस पर अपनी शादी की सालगिरह पर अपने माता-पिता के जन्म दिवस पर अपने भाई-बहन के जन्म दिवस पर अपने पूर्वजों की याद में एक पेड़ अवश्य लगाएं ताकि हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारा जिला, हमारा गांव हरा–भरा रहे। जिससे हमारी याददाश्त बनी रही। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मुहिम की शुरुआत की गई है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जन-जन तक इस संदेश को पहुंचाया ताकि प्रत्येक नागरिक पेड़ लगाकर यह गौरव की बात कहेगा कि यह पेड़ उसने मां की याद में लगाया था।









# सीईटी करेक्शन पोर्टल खुलने से भी नहीं मिल रही राहत, 14 जून तक के दस्तावेज ही मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से सीईटी 2025 परीक्षा के बाद करेक्शन पोर्टल खोल दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी अपने आवेदन फॉर्म में हुई त्रुटियों को सुधार सकते हैं। आयोग ने इसके साथ फॉर्म में आरक्षण हेतु श्रेणी बदलने का भी विकल्प दिया है लेकिन इसके लिए एक शर्त रखी गई है। एक अप्रैल से 14 जून 2025 तक बने दस्तावेज ही मान्य होंगे। इस निर्णय से हजारों अभ्यर्थी परेशान हैं। दरअसल, फॉर्म भरते समय सरल पोर्टल काम न करने के कारण कई युवाओं के जाति प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पाए थे। फिलहाल आयोग के नियमों के अनुसार करेक्शन पोर्टल 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा। अब देखना यह होगा कि सरकार युवाओं की इस मांग पर क्या निर्णय लेती है।

गौरतलब है कि सीईटी परीक्षा के लिए अधिसूचना 27 मई को जारी हुई थी जिसके बाद 28 मई से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। पहले अंतिम तिथि 12 जून रखी गई थी लेकिन वेबसाइट की तकनीकी समस्याओं के चलते इसे दो दिन बढ़ाकर 14 जून तक कर दिया गया। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए पासिंग मार्क्स 50 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत निर्धारित किए गए है हालांकि परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है।

नारनौल के अभ्यर्थी पुनीत कुमार, जयवीर, सन्नी, प्रदीप, अंकित और योगेश का कहना है कि सरकार को परिक्षार्थियों की स्थिति को समझना चाहिए। सरल पोर्टल की खराबी के कारण हमारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया, इसमें हमारी गलती नहीं थी। अब 14 जून के बाद बने प्रमाण पत्र को अमान्य बताकर हमें श्रेणी परिवर्तन का अवसर नहीं दिया जा रहा है जो अनुचित है। युवाओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से समाधान की मांग की है।

## हरिश ने पैरा स्विमिंग में जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



सिंघानिया यूनिवर्सिटी पचेरी के छात्र हरिश ने 9वीं राजस्थान स्टेट पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर दो पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 17 से 19 अक्टूबर तक स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान सीकर में आयोजित हुई, जिसका आयोजन दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा किया गया। हरिश ने अपने अद्भुत हौसले और मेहनत की मिसाल पेश कर 100 मीटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 50 मीटर तैराकी स्पर्धा में रजत पदक जीते। हरिश ने वरिष्ठ वर्ग में कड़े मुकाबले में बेहतरीन तकनीक और दमदार प्रदर्शन का परिचय दिया। विवि खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर खेल सुविधा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था करता है।




## जेसीबी से टकराई कार, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



गुरुग्राम से रतनगढ़ जा रहे एक परिवार की कार का शनिवार रात को नेशनल हाईवे 11 पर भांखरी नहर के पास एक्सीडेंट हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम निवासी धीरज चौधरी अपनी पत्नी संचिता पैसिया, साले आयुष लाडूणा व पेट डॉग के साथ कार से राजस्थान के रतनगढ़ जा रहे थे। जब उनकी कार भांखरी नहर के पास पहुंची, तो वहां सड़क के बीच बिना किसी लाइट या रिफ्लेक्टर के एक जेसीबी खड़ी थी। अंधेरा होने के कारण जेसीबी नजर नहीं आई और कार उसमें जा टकराई। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने भी उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा जेसीबी व पिछला हिस्सा ट्रक से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में धीरज चौधरी, उनकी पत्नी संचिता व आयुष लाडूणा घायल हो गए।













